हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 7 नवंबर 2025

11 रेजांगला के अमर शहीदों की शहादत माटी कलश...



12 जिलास्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ, युवाओं ने दी...



**खबर संक्षेप**

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**झज्जर।** बिजली निगम बेरी के उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए बिजली उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। बैठक उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के बेरी कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अभियंता करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में बिजली उपभोक्ताओं की बिजली बिल, कनेक्शन, लोड संबंधित समस्याओं को सुना जाएगा और उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा। यदि किसी उपभोक्ता को कार्यकारी अभियंता के निर्णय से असंतोष हो तो वह अधीक्षण अभियंता झज्जर के समक्ष अपनी शिकायत प्रस्तुत कर सकता है।

### हेरोइन सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सीआईए-2 बहादुरगढ़ ने नए बस स्टैंड अड्डे के गेट से गुप्त सूचना के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 100.10 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान आशीष निवासी लोवा खुर्द, नीरज निवासी इस्माइला तथा रवींद्र निवासी बहादुरगढ़ के रूप में हुई है। इनके खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। तीनों आरोपी न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए हैं।

### मेट्रो स्टेशन के नीचे से बाइक ले उड़े चोर

**बहादुरगढ़।** शहर में मेट्रो स्टेशनों के आसपास से वाहन उठाए जा रहे हैं। अब शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के नीचे से एक और बाइक चोरी हो गई। वाहन मालिक अंकित का कहना है कि उसने चार नवंबर की सुबह अपनी बाइक मेट्रो स्टेशन के नीचे खड़ी की थी। फिर नोएडा आफिस में चला गया। शाम को वापस आया तो नहीं मिली। इस शिकायत पर सेक्टर 6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि बहादुरगढ़ के मेट्रो स्टेशन के आसपास हर रोज बड़ी तादाद में वाहन खड़े रहते हैं। सुरक्षा के अभाव में ये चोरों के लिए सॉफ्ट टारगेट बने रहते हैं।

# बेटी की शादी के लिए दंपत्ति ने की थी ज्वेलर्स की दुकान पर चोरी

- दो माह पूर्व भी इसी दुकान पर चोरी की वारदात को दिया था अंजाम
- मेरठ से किया आरोपी दंपत्ति को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बीते दिनों शहर के मेन बाजार स्थित ज्वैलर्स की दुकान से चोरी करने मामले में आरोपी दंपत्ति को पुलिस ने मेरठ उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए दपत्ति से चोरी किए हुए आभूषण भी बरामद किए है। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सीआईए की टीम द्वारा सीसीटीवी खंगालते हुए रोडमैप तैयार किया और आरोपियों को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि आरोपी कन्हैया लाल और उसकी पत्नी ने करीब दो महीने पहले इस दुकान से पाजेब चोरी की थी। बाद में फिर दोबारा ज्वैलर्स की दुकान में चोरी करने का प्लान बनाया और 27 अक्टूबर को फर्जी ग्राहक बनकर दुकान पर चोरी करने पहुंचे थे। जहां पर इन्होंने दुकानदार का ध्यान भटका कर सोने से भरे एक आभूषणों के डिब्बे को चुरा लिया और फरार हो गए। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने अपनी बेटी की शादी में देने में लिए चोरी किए हुए आभूषण रखे हुए थे।

**पुलिस ने सीसीटीवी से बनाया चोरी की वारदात का रोडमैप**



झज्जर। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह।

### अपराधी और उनके गुर्गे पुलिस की रडार पर

पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने बताया कि जिला पुलिस ने आप्रेशन ट्रैक अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत हथियारों के बल पर लोगों को धमकाने व लूटपाट करने वालों पर शिकंजा कंसा जाएगा। अभियान पांच नवंबर से बीस नवंबर तक चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध हथियारों की बरामदगी और अपराध को अंजाम देने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है।

### जैन मंदिर में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी से चांदी के छतर, सिंहासन बरामद

**बहादुरगढ़।** अनाजमंडी स्थित भगवान पार्श्वनाथ मंदिर पांडुशिला में पिछले सप्ताह हुई चोरी की वारदात पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चांदी के दो छतर व सिंहासन बरामद कर लिए गए हैं। गत 31 अक्टूबर की रात को यह वारदात हुई थी। मंदिर का शीशा तोड़कर चोर अंदर घुसा और चांदी के छोटे-बड़े छतर, सिंहासन, दानराशि सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर गया। लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी निगरानी, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज आदि के जरिये पुलिस आरोपी तक पहुंची। आरोपी की पहचान मुकेश तिवारी निवासी नांगलोई दिल्ली के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**केस दर्ज कराने की रंजिश**

# रास्ता रोककर डाबोदा की सरपंच के पति को पीटा

*पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव मेहंदीपुर डाबोदा की सरपंच के पति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। हाल ही में सरपंच पति द्वारा दर्ज कराए गए एक केस की रंजिश में यह हमला हुआ है। गांव के एक युवक व उसके साथियों पर आरोप है। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में सरपंच पति संदीप कुमार ने कहा है कि कुछ दिन पहले चाचा के लड़के जतिन पर गांव के दो सगे भाइयों ने लाठी, डंडों से हमला कर दिया था। उस संबंध में मैंने आरोपियों पर केस दर्ज कराया था। बुधवार को जब मैं अपने दोस्त दिनेश के साथ गाड़ी में सवार होकर बहादुरगढ़ किसी कार्यक्रम में जा रहा था तो रास्ते में एक गाड़ी हमारे आगे आकर रुकी।

गाड़ी ने हमारा रास्ता रोक लिया। उसमें से अमित अपने दो साथियों संग बाहर निकला। उन्होंने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। मेरे दोस्त ने बीच बचाव किया। फिर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। बाद में मुझे अस्पताल में ले जाया गया। हाल ही में दर्ज हुए केस की रंजिश में मुझ पर हमला किया गया है। वहीं, सदर थाना पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### शराब नहीं पी तो दोस्त को डंडों से पीटा

**बहादुरगढ़।** एक युवक ने शराब पीने से इंकार किया तो उसके दोस्तों ने उस पर हमला कर दिया। रास्ता रोककर डंडे से वार किए। हमले में उसे काफी चोट आई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। वारदात गांव कसार में हुई। पुलिस को दी शिकायत में लाइनपार के निवासी नवीन का कहना है कि चार को वह झज्जर रोड पर गया था। वहां उसके दो दोस्त इंतजार कर रहे थे। मैं उनकी गाड़ी में जा बैठा। दोनों नशे की हालत में थे। वे मुझे कसार ले गए। वहां शराब पीने के लिए कहने लगे तो मैंने इंकार कर दिया। फिर उन्होंने गाली गलोच शुरू कर दी। गाड़ी से उतरकर जाने लगा तो रास्ता रोक लिया। मारपीट शुरू कर दी तथा डंडे से वार किए। जैसे तैसे अपना बचाव किया। उसकी शिकायत पर सेक्टर 6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## लोगों की आंखों में जलन, नहीं मिल रही प्रदूषण से राहत

# आंकड़ों के खेल में उलझा एक्यूआई दिल्ली-रोहतक में जहरीली हवा

एयर क्वालिटी इंडेक्स 309 और रोहतक का 346 रिकॉर्ड, बहादुरगढ़ में मशीन बता रही साफ हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दिल्ली-एनसीआर के ज्यादातर शहरों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब है। वीरवार दोपहर 3 बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 309 और रोहतक का 346 रिकॉर्ड किया गया। जबकि बहादुरगढ़ में सिर्फ 57 एक्यूआई दर्ज किया गया। यह आंकड़ा मशीन की खराबी अथवा सरकारी खेल की तरफ साफ संकेत करता है। शहर के लघु सचिवालय में लगा प्रदूषण मापक यंत्र पहले भी लंबे समय तक खराब रहा था। एक बार फिर यह संकट में नजर आ रहा है। वीरवार को भी शहर में लोगों को आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में परेशानी जैसी शिकायतें कायम रही, लेकिन मॉनिटर पर एक्यूआई महज 57 नजर आ रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर की हवा दिल्ली और रोहतक से किसी भी तरह कम प्रदूषित नहीं लगती, बावजूद इसके सरकारी आंकड़े इसे साफ बता रहे हैं।

*▶▶ शहर के लघु सचिवालय में लगा प्रदूषण मापक यंत्र पहले भी लंबे समय तक खराब रहा था। एक बार फिर यह संकट में नजर आ रहा है।*




बहादुरगढ़। लघु सचिवालय में साफ हवा दर्शा रहा मॉनिटर। फोटो : हरिभूमि

### पहले भी यह सेंसर खराब हुआ था

सूत्रों के अनुसार, लघु सचिवालय परिसर में स्थापित प्रदूषण मापन यंत्र एक बार फिर खराब पड़ा है, जिसके कारण आंकड़ों में गड़बड़ी हो रही है। पहले भी यह सेंसर खराब हुआ था और लंबे समय बाद हुई मरम्मत के कारण यह चालू हुआ था। पर्यावरण प्रेमियों ने इसे गंभीर लापरवाही बताया है। उनका कहना है कि जब उपकरण ही सही आंकड़े नहीं दिखा पाएंगे तो जरूरी उपाय कैसे होंगे?

# एमपीएचई एसोसिएशन सदस्यों ने किया प्रदर्शन

*लंबित मांगों को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय पर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन*

प्रदर्शन में राज्य कार्यकारिणी की तरफ से राज्य सचिव सहदेव सांगवान ने मुख्य रूप से शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एमपीएचई एसोसिएशन द्वारा पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अंतर्गत वीरवार को जिले के एमपीएचडब्ल्यू व एमपीएचएस द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय पर धरना एवं रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में राज्य कार्यकारिणी की तरफ से राज्य सचिव सहदेव सांगवान ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने कर्मचारियों को बताया कि हमारी मुख्य मांगों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत एमपीएचडब्ल्यू महिलाओं को एमपीएचडब्ल्यू पुरुषों के मूल वेतन 4200 पे ग्रेड के सभी लाभ दिए जाएं, नियमित एमपीएचडब्ल्यू महिलाओं की तरह एमसीएच अलाउंस, ड्रेस अलाउंस और एफटीए अलाउंस का लाभ दिया जाए, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत एमपीएचडब्ल्यू महिला को रिटायर होने पर आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर व सफाई कर्मचारियों के अंतर्गत मिलने वाली ग्रेजुएटी और सम्मान जनक रिटायरमेंट लाभ जाना चाहिए।



झज्जर। सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए एमपीएचई एसोसिएशन सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### एमपीएचडब्ल्यू को ट्रांसफर पॉलिसी का लाभ देने की मांग

इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत एमपीएचडब्ल्यू को ट्रांसफर पॉलिसी का लाभ दिया जाए। जिला प्रधान प्रवीण कुमार ने बताया कि रोष प्रदर्शन के उपरांत कर्मचारियों द्वारा सीएमओ डॉक्टर जयमाला को अपनी विभिन्न मांगों संबंधी ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन लेने उपरांत सीएमओ ने उनका मांग पत्र महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाओं को भेजने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कांता देवी, रामनिवास चाहर, अशोक कुमार, नरेंद्र कुमार, धीरज गोयल, सावन कुमार, भूप सिंह, आनंद सिंह, विजय कुमार, सतीश कुमार, अजय कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### सांखोल में युवक पर चाकू से हमला

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल के खेल मैदान में कुछ युवकों के बीच झगड़ा हो गया। इस झगड़े में एक युवक पर चाकू से प्रहार किया गया। उसके सिर, पीठ आदि पर गंभीर चोट आई है। घायल की शिकायत पर सेक्टर 6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात सेक्टर 2 के निवासी आर्यन के साथ हुई है। आर्यन का कहना है कि अभी कुछ दिन पहले वह अपने दोस्त सचिन के साथ सांखोल के खेल मैदान में गया था। वहां सचिन की अभय नाम के एक युवक के साथ कहासुनी हो गई। बात बढ़ी तो आरोपी युवक ने मेरे साथ भी झगड़ा शुरू कर दिया। इसी दौरान उसने मेरे पीठ पर चाकू से वार किया। बचने लगा तो सिर पर भी वार किए। जैसे तैसे अपनी जान बचाकर वहां से भागा। आरोपी ने धमकी भी दी। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। उधर, सूचना पाकर सेक्टर 6 थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बच्चे पर गिरा 200 किलो वजनी गेट, हालत नाजुक

*पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

**मकान मालिकों की लापरवाही पड़ी भारी**

शहर की ओमेक्स सिटी परिसर में सात वर्षीय मासूम बच्चे पर 200 किलो वजनी लोहे का गेट गिर गया। इस हादसे में बच्चे को काफी चोट आई, उसके पांव में फ्रेक्चर हो गया। बच्चे के परिजनों की शिकायत पर इस संबंध में एक नामजद सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ सेक्टर 6 थाने में केस दर्ज हुआ है। पुलिस को दी शिकायत में मनीष अहलावत व उनकी पत्नी रेणु कुमारी ने कहा है कि सोमवार की शाम को उनका सात वर्षीय बेटा नमित साइकिल चला रहा था। इस दौरान साइकिल से उतरकर एक गेट के पास खड़ा हो गया। जबकि बच्चे की मां रेणु लगभग 20 मीटर दूर थी। अचानक से गेट बच्चे के ऊपर गिर गया। यह देख वह तुरंत दौड़ी और आसपास मौजूद लोगों की मदद से बच्चे को गेट के नीचे से निकाला। बच्चे को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके पांव में फ्रेक्चर आया है। रेणु का कहना है कि जब उन्होंने आसपास लोगों बातचीत की तो पता चला कि यह गेट पहले भी गिर चुका है। मकान मालिकों ने उसकी मरम्मत नहीं कराई। उनकी लापरवाही के कारण मेरे बच्चे का जीवन खतरे में आ गया। हमारा बच्चा जर्मनी में पैदा हुआ है और वहीं पर पढ़ा है। उधर, सेक्टर-6 थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विधायक ने सहयोग के लिए मुख्यमंत्री सैनी का जताया आभार

# साढ़े 29 करोड़ में बदली जाएंगी दशकों पुरानी बिजली की तारें

नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे, पुराने ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाएगी खुली एलटी लाइनों की जगह सुरक्षित केबल डाली जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने शहर के मेन बाजार में बिजली निगम द्वारा जर्जर तारों को बदलने के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उपमंडल अभियंता ने बताया कि 29 करोड़ 60 लाख रुपए की स्वीकृत राशि से बहादुरगढ़ के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 30-35 वर्ष पुरानी जर्जर तारों को बदला जा रहा है। नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे, पुराने ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाएगी, खुली एलटी लाइनों की जगह सुरक्षित केबल डाली जाएंगी।

मेन बाजार में स्थानीय निवासियों से चर्चा करते हुए विधायक राजेश जून ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें जर्जर, लटकती और खतरनाक तारों की शिकायतें मिली थी। उन्होंने विधायक बनते ही दशकों पुरानी इस समस्या का स्थाई समाधान करने का प्रयास शुरू किया। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर बहादुरगढ़ में व्याप्त बिजली से जुड़ी समस्याओं पर विशेष चर्चा की थी। सीएम नायब सैनी ने पूरी गंभीरता से समस्या सुनने के बाद 29 करोड़ रुपए की परियोजना तुरंत मंजूर कर दी। बिजली कटौती और कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों को देखते हुए नए ट्रांसफार्मर लगाने और क्षमता बढ़ाने की स्वीकृति भी तुरंत दे दी।



बहादुरगढ़। मेन बाजार में बिजली निगम की गतिविधियों की जानकारी देते विधायक राजेश जून।

### बहादुरगढ़ में हर तरफ विकास कार्यों की लगी झड़ी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली को सराहते हुए विधायक राजेश जून ने कहा कि बहादुरगढ़ हलके के विकास में उनका सहयोग अद्वितीय है। बहादुरगढ़ में हर तरफ विकास कार्यों की झड़ी लगी है। उन्होंने कहा कि हर गांव, शहर, गली या चौराहे पर जर्जर या लटकती बिजली की तारों को बदला जा रहा है। वे पूरी ईमानदारी से जिम्मेदारी निभा रहे हैं। बहादुरगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस मौके पर एसडीई विक्की गहलावत, जेई प्रवीण कुमार व हरिओम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# प्राइवेट स्तर पर हो चुकी 12438 किसानों की 344695 क्विंटल बाजरे की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

अनाजमंडी में बाजरे व धान की आवक और प्राइवेट खरीद का जारी है। जिले में अब तक 12577 किसानों के गेट पास काटे जा चुके हैं और 354860 क्विंटल बाजरे की आवक दर्ज की गई है। इसमें 12438 किसानों की 344695 क्विंटल बाजरे की खरीद प्राइवेट स्तर पर की जा चुकी है।

आढ़तियों का कहना है कि अनाजमंडी में प्राइवेट स्तर पर धान व बाजरा खरीदा जा रहा है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार अब तक जिले की बेरी व मातनहेल अनाजमंडी में 414 किसानों के पीआर धान के गेट पास काटे जा चुके हैं, जिनकी 20739 क्विंटल धान की आवक ई-खरीद पोर्टल पर दर्ज है। अब तक 202 किसानों की 9898 क्विंटल धान की सरकारी खरीद की जा चुकी है। वीरवार को जिले की अनाजमंडियों में सरकारी स्तर पर खरीद प्रक्रिया ठप्प रही। सरकार खरीद न होने के कारण किसान मायूस रहे। किसानों ने सरकार से जल्द से जल्द धान खरीद प्रक्रिया को सुचारू करने की मांग की है ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने में परेशानी न हो। प्राइवेट स्तर पर आढ़तियों द्वारा बोली लगाकर धान खरीदा जा रहा है। बता दें कि आजकल अनाज मंडी में 1509 किस्म का धान 2850 रुपये प्रति क्विंटल, मशीन से निकला 1718 धान 2700 से 2900 रुपये प्रति क्विंटल व हाथ से निकाला गया धान 3400 से 3500 रुपये प्रति क्विंटल खरीदा जा रहा है। इसी प्रकार हाथ से निकला 1121 धान 3700 से 4075 रुपये प्रति क्विंटल, मशीन का धान 2900 से 3350 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है।



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में उठान कार्य में जुटे श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। बैठक में मौजूद भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### बैठक में संगठन को मजबूत करने का आह्वान

**बहादुरगढ़।** भाजपा कानोंदा मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष सुदेश रंगा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, आत्मनिर्भर भारत अभियान और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर चर्चा हुई। प्रभारी केशव सिंघल ने कार्यकर्ताओं से अधिक मेहनत और जनता से जुड़ाव बढ़ाने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष सुदेश रंगा ने व्यापारियों से संपर्क और सरकारी योजनाओं के प्रचार की रूपरेखा बताई। दिनेश शेखावत ने कहा कि भाजपा एक परिवार और विचार है। जिला महामंत्री दयाकिशन जांगड़ा, जिला महामंत्री रविंद्र बराही, अरविंद कुमार, राहुल, उपाध्यक्ष मंजीत पांचाल, देवेंद्र, डॉ. वीरेंद्र, कविता रंगा, सीमा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा छिकारा, पूनम, जोगेंद्र, विजय स्वामी सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

*रेंजागला वीर जवानों की शहादत को नमन करते हुए लोगों ने दी श्रद्धांजलि*

# रेजांगला के अमर शहीदों की शहादत माटी कलश यात्रा का जिले में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध की ऐतिहासिक रेजांगला बैटल में अमर हुए वीर जवानों की याद में अहीर धाम से लाई गई शहादत माटी की कलश यात्रा ने वीरवार को जिले में प्रवेश किया। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश संयोजक रमेश राव पायलट, मुख्य प्रदेश महासचिव बलवान फौजी, महिला विंग से प्रमुख साध्वी महामंडलेश्वर बहन पुष्पा शास्त्री के तत्वावधान में निकाली गई यह यात्रा 18 राज्यों से होती हुई जिले में पहुंची। जहां जगह-जगह यात्रा का अभिनंदन किया गया। यात्रा में शामिल प्रबुधजनों ने पलड़ा गांव के रेजांगला शहीद रत्न सिंह के स्मारक स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा वीरांगना जलकौर देवी को सम्मानित कर नमन किया। गांव के शहीद जवानों विक्टोरिया क्रॉस राव उमराव सिंह, नेकी राम यादव, रामशरण, सुरेश को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।



झज्जर। यात्रा की अगुवाई करते हुए नगर परिषद चेयरमैन जिले सिंह सैनी व अन्य।

#### किंकी

इसके बाद यात्रा जहाजगढ़ गांव में के वीर शहीद शौर्य चक्र किशन चंद यादव, खातीवास गांव में अमर शहीद सूबेदार जितेंद्र यादव, सतवीर यादव, दीपक यादव को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर खेड़ी खुम्मार होते हुए शहर के भगत सिंह चौक पहुंची। यात्रा में शामिल लोगों द्वारा शहर के मुख्य चौराहों पर पहुंच कर शहीद ए आजम भगत सिंह, रविंद्र छिक्कारा, बाबा साहब भीम राव अंबेडकर, वीर शहीदों की याद में बने हुए रेजांगला चौक, सिलानी गेट स्थित राव तुलाराम चौक पर पहुंच कर राव तुला राम को श्रद्धांजलि देते हुए कृष्ण भवन पहुंची। यहां आयोजित कार्यक्रम में यादव महासभा की जिला इकाई द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि रेजांगला के ये वीर सदा अमर रहेंगे और उनके बलिदान की यह शहादत माटी आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रप्रेम और साहस की प्रेरणा देती रहेगी।

#### वक्ताओं ने उठाई अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग

*कार्यक्रम में शहीदों की युद्ध वीरांगनाओं और आश्रितों को सम्मानित किया गया। सभी राजनीतिक संगठनों, सामाजिक, धार्मिक संगठनों एवं व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया और शहादत माटी कलश को नमन किया। कार्यक्रम में यात्रा के प्रदेश संयोजक राव रमेश पायलट ने अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग भी उठाई गई। उन्होंने कहा कि रेजांगला बैटल में 124 वीर जवानों में से 110 शहीद हो गए थे और चार सैनिक युद्धबंदी बना लिए गए थे। इनमें 60 जवान हरियाणा के थे, जिनमें रेवाड़ी जिले के 26 और महेंद्रगढ़ जिले के 16 वीर जवान शामिल थे। उन्होंने बताया कि यह युद्ध विश्व सैन्य इतिहास की सबसे दुर्लभ लड़ाइयों में से एक माना जाता है। केवल 124 भारतीय जवानों ने लगभग 3500 चीनी सैनिकों का सामना किया। रेजांगला क्षेत्र की विकट परिस्थितियों जहां तापमान माइनस 40 डिग्री सेल्सियस तक जाता है और ऑक्सीजन का स्तर मात्र 25 से 40 प्रतिशत रहता है। इसके बावजूद इन मैदानी अहीर जवानों ने अदम्य साहस दिखाया। उन्होंने अंतिम सांस और अंतिम गोली तक लड़ते हुए देश की सीमाओं की रक्षा की। इस अद्वितीय पराक्रम के लिए भारत सरकार ने एक परमवीर चक्र, आठ वीर चक्र और चार सेना मेडल प्रदान किए। इतिहासकारों और सैन्य जनरलों का मत है कि रेजांगला के सभी 124 जवान परमवीर थे।*

## न्यूज डायरी



झज्जर। होनहार प्रतिभागी महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### नेहरू कॉलेज के विद्यार्थियों ने जीते चार पुरस्कार

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पलवल में आयोजित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय युवा समारोह में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चार पुरस्कार जीते। सितार वादन में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा तन्नू ने दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया। पंजाबी कविता पाठ में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान ने दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के चिराग ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। फोटोग्राफी में बीए द्वितीय वर्ष के सचिन ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों तथा टीम प्रभारियों को बधाई दी और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### जसोरखेड़ी कॉलेज में सात दिवसीय कैंप संपन्न




बहादुरगढ़। मुख्य अतिथि डॉ. दलबीर सिंह का स्वागत करते प्राचार्य व स्टाफ सदस्य।

**बहादुरगढ़।** गांव जसोरखेड़ी स्थित राजकीय महिला विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस कैंप वीरवार को संपन्न हो गया। इस कैंप कै दौरान हर रोज ज्ञानवर्धक तथा समाज में जागरूकता का संदेश देतीं गतिविधियां हुईं। समापन अवसर पर राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ के प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह ने शिकरत की। उनका प्राचार्य डॉ. संदीप व स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। डॉ. श्वेता व डॉ. अनिल कुमार की देखरेख में गतिविधियां हुई। कैंप के दौरान छात्राओं ने गांव में स्वच्छता का संदेश दिया। नशा मुक्ति रैली निकालकर लोगों को इस बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। योग सहित अन्य गतिविधियों में भी छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। मुख्य अतिथि डॉ. दलबीर सिंह ने एनएसएस के संबंध में अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

# नेशनल खेलने के लिए शूटिंग बॉल टीम गाजियाबाद रवाना



झज्जर। हरी झंडी दिखाकर टीमों को रवाना करते हुए संरक्षक जयप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ टीमें अब सात से नौ नवंबर तक होने वाली चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा दिखाएगी

हरियाणा की जूनियर लड़के एवं लड़कियों की शूटिंग बाल टीम नेशनल शूटिंग बाल चैंपियनशिप के लिए यूपी के गाजियाबाद रवाना हुई। ये टीमें अब सात से नौ नवंबर तक एचआरआईटी यूनिवर्सिटी गाजियाबाद में होने वाली चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा दिखाएगी। एमेच्योर शूटिंग बॉल एसोसिएशन के संरक्षक जयप्रकाश कादियान ने बताया कि लड़कों की टीम में अंकित, संजीव, साहिल फतेहाबाद, योगेश, कृष्ण, उज्ज्वल हिसार, नूर, अंकित, निशांत भिवानी, उमेश, प्रदीप व निशांत पलवल और लड़कियों की टीम में शर्मिला, नैंसी, निक्कू हिसार, खुशबू पलवल, सानिया करनाल, सुमित, शर्मिला और संध्या भिवानी, तनीषा और विषया झज्जर, वंशिका रोहतक शामिल है। वीरवार को दोनों टीमों को स्थानीय दीनबंधु चौधरी छोटू राम धर्मशाला से एमेच्योर शूटिंग बॉल एसोसिएशन के प्रधान तस्वीर सिंह अहलावत, महासचिव मनोज कुमार हुड्डा, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार बिश्नोई, डॉक्टर राम प्रकाश अहलावत व पूनम देशवाल ने हरी झंडी दिखा रवाना किया।

### बादली कॉलेज में लगाए पौधे

**बहादुरगढ़।** बादली के राजकीय महाविद्यालय में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम हुआ। एनसीसी विद्यार्थियों ने मिट्टी संग्रह एवं वृक्षारोपण गतिविधियों में हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और स्वच्छता तथा हरियाली का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य मेजर आनंद कुमार, एनसीसी अधिकारी डॉ. मंजीत सिंह व अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।



बादली कॉलेज में पौधे लगाते एनसीसी कैडेट्स व अन्य।

### अस्थाई कूड़ा घर के निर्माण कार्य का शुभारंभ



बहादुरगढ़। निर्माण कार्य का शुभारंभ कराते आरओ शैलेंद्र अरोड़ा। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल में दिल्ली-रोहतक रोड स्थित देवी लाल पार्क के साथ खुले में कूड़ा फेंके जाने की समस्या से निजात मिलेगी। वीरवार को ग्रामीणों की मौजूदगी में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ शैलेंद्र अरोड़ा ने यहां अस्थाई कूड़ा घर के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। ग्रामवासियों की लंबे समय से चल रही मांग पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ शैलेंद्र अरोड़ा ने रिलायंस कंपनी की मदद से इस कूड़ा घर के निर्माण की पहल की है। इससे क्षेत्र में फैली गंदगी और दुर्गंध की समस्या खत्म होगी तथा इलाके की सुंदरता भी बरकरार रहेगी। इस अवसर पर एसडीओ अमित दहिया, संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति के प्रधान संजय कलसन, सत्यप्रकाश छिकारा, अनिल अहलावत, मनीष चाहार और रिलायंस कंपनी से राजकुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### स्काऊटिंग का उद्देश्य बच्चों में अच्छे गुणों और आत्म अनुशासन विकसित करना



झज्जर। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं।

**झज्जर।** वैदिक कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे तृतीय सोपान स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर के रात्रि कालीन कैंप फायर के शुभारंभ पर डीईओ राजेश कुमार खन्ना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। शिविर के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्काउटिंग का उद्देश्य बच्चों में शारीरिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास के साथ-साथ अच्छे नागरिक के गुण और आत्म अनुशासन विकसित करना है। यह एक ऐसा स्वैच्छिक, गैर राजनीतिक और शैक्षिक आंदोलन है, जो युवाओं को चरित्रवान, आत्मनिर्भर एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है। स्काउट एंड गाइड हमें हर हाल में स्वयं को प्रसन्न रखने, दूसरों की सेवा एवं सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने और ईश्वर व प्रकृति के प्रति कर्त्तव्य परायण रहने की प्रेरणा देती है। स्काउटिंग हमें विपरीत परिस्थितियों में भी नैतिकता और साहस के साथ जीना सिखाती है। कार्यक्रम की रोचकता यह रही कि जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार कार्यक्रम में पूरी तरह स्काउट के रंग में रंगे दिखे। इस सात दिवसीय प्रशिक्षण के बाद स्कूल में सफलतापूर्वक स्काउट एंड गाइड यूनिट्स विधिवत संचालित की जा सकेंगी। स्कूल निदेशिका उषा गहलोत, डीओसी स्काउट डॉक्टर राजेंद्र व डीओसी गाइड मैनावती ने भी बच्चों को स्काउटिंग एंड गाइडिंग की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षु विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।

### हिंद की चादर हैं गुरु तेग बहादुर




बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को गुरु तेग बहादुर के बारे में बताते प्राचार्य आनंद कादयान।

**बहादुरगढ़।** बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं जयंती के उपलक्ष्य में वीरवार को सेमिनार हुआ। मंच संचालन डॉ. पूनम रानी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आनंद कादयान ने बताया कि नौवें सिक्ख गुरु तेग बहादुर को हिंद की चादर, सृष्टि की चादर व मानवता का रक्षक कहा जाता है। दिल्ली का शीश गंज गुरुद्वारा व रकाबगंज गुरुद्वारा इनके बलिदान की निशानी है। डॉ. रमेश कुमार ने गुरु की शहादत का विस्तार से बखान किया। संदीप ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर डॉ. यशपाल भी मौजूद रहे।

### महिलाओं ने लिया सहकारिता से समृद्धि का संकल्प

**बहादुरगढ़।** हरको फेड पंचकूला के तत्वाधान में आजीविका मिशन कार्यालय बहादुरगढ़ में बैठक हुई। बैठक में हरको फेड के शिक्षा अनुदेशक एसएन कौशिक ने कहा कि सहकारिता का साक्षात रूप मातृशक्ति है, जो त्याग और सेवा के माध्यम से परिवार व समाज की उन्नति में योगदान देती है। खंड कार्यक्रम अधिकारी बीपीएम जयशंकर ने स्वयं सहायता समूहों की भूमिका और कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। सीएलएफ कविता, सरिता, पूजा व नवीन कुमार का इस आयोजन में सहयोग रहा। अंत में महिलाओं ने सहकारिता अपनाने और अपने क्षेत्रों में समिति गठित कर समृद्धि की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया।



बहादुरगढ़। बैठक में महिलाओं को संबोधित करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# सांग में सुनाया गया शाही लकड़हारे का दूसरा भाग

■ सांग को पंडित लख्मीचंद के सुपौत्र पं. विष्णुदत्त ने प्रभावशाली अंदाज में प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद धर्मशाला समिति की ओर से आयोजित हरियाणवी सांग महोत्सव के दूसरे दिन प्रसिद्ध सांग शाही लकड़हारे का दूसरा भाग प्रस्तुत किया गया। इस सांग को पंडित लख्मीचंद के सुपौत्र पंडित विष्णुदत्त ने प्रभावशाली अंदाज में प्रस्तुत किया। पंडित विष्णुदत्त ने किस्सा सुनाते हुए बताया कि दयालु लकड़हारा कीमती पत्थर बेचकर और राजकुमारी की मदद करके एक सुखी जीवन शुरू करता है। वह अपनी पत्नी के कंगन को न बेचकर ईमानदारी और प्रेम की मिसाल पेश करता है। लकड़हारे को उसके अच्छे कर्मों का फल मिलता है। यह कहानी दिखाती है कि ईमानदारी और परोपकार का फल अवश्य मिलता है।



बहादुरगढ़। वीरवार को दूसरे दिन सांग की प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

#### ये मौजूद रहे

लकड़हारा और राजकुमारी खुशी-खुशी रहने लगते हैं। अपना जीवन शांति से बिताते हैं। सांग के आयोजन में राजपाल शर्मा, प्रधान प्रवीण शर्मा, महासचिव सतीश शर्मा, उपप्रधान बलराम गौतम, कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा, सचिव हरिओम हरितश, मामनराम, मंजीत पाराशर, बिल्लू पंडित, सुमित अत्री, दीपकराज शर्मा, खाटू श्याम भक्त हरिओम मुदगिल, रमेश कौशिक, मनोज भारद्वाज, पवन दीक्षित, बंटी पाराशर, सुमित अत्री, अतर सिंह कौशिक सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

### निबंध प्रतियोगिता में सोनिया रही प्रथम

*झज्जर। राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में वीरवार को हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यकारी प्रभारी डॉक्टर सुनील कुमार ने बताया कि प्राचार्य डॉक्टर सतवीर सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। हिंदी विभाग की अध्यक्षा डॉक्टर पवित्रा देवी ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिता कराने से विद्यार्थियों का साहित्य के प्रति रुझान उत्पन्न होता है। क्योंकि साहित्य समाज का अभिन्न अंग है। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर शिवानी व डॉक्टर सवीन ने निभाई। प्रतियोगिता परिणामों में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा सोनिया को पहला, बीए द्वितीय वर्ष की दिव्या को दूसरा तथा बीए प्रथम वर्ष के मोहित को तीसरा स्थान मिला।*



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी।

### एसआईएएसटीई के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

**झज्जर।** सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल में आयोजित फरीदाबाद-झज्जर जोनल यूथ फेस्टिवल में एसआईएएसटीई के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। तीन से पांच नवंबर तक आयोजित इस फेस्टिवल में संस्थान की टीम ने हरियाणवीं कविता पाठ तथा क्विज प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने कविता, वाद-विवाद, ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, मेहंदी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट और कार्टून मेकिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर निदेशक डॉक्टर ऋषि गोयल और प्राचार्या डॉक्टर संतोष ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, रचनात्मकता और टीम भावना का परिणाम है।




झज्जर। फेस्टीवेल में शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### प्री आरडी शिविर में राजकीय महाविद्यालय दूबलधन की स्वयंसेविका मुस्कान चयनित

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दूबलधन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 की स्वयंसेविका मुस्कान का चयन प्री आरडी शिविर में हुआ है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर कर्मवीर गुलिया ने बताया कि मुस्कान की इस सफलता का श्रेय उनके मार्गदर्शक डॉक्टर रणदीप चौहान और डॉक्टर सरला को जाता है। उन्होंने कहा कि दोनों शिक्षकों की लगन, कठोर परिश्रम और कर्त्तव्यनिष्ठा के बल पर मुस्कान ने यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि उनका महाविद्यालय भले ही ग्रामीण अंचल में स्थित है, लेकिन यहां के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। प्री आरडी शिविर में चयन होना स्वयं में एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इस शिविर में पूरे देश से केवल 200 स्वयंसेवक ही भाग लेते हैं और इसी के आधार पर गणतंत्र दिवस पर कर्त्तव्य पथ पर होने वाली परेड के प्रतिभागी चुने जाते हैं।



### वेबसाइट पर वंदे मातरम गाते हुए वीडियो साझा करें, सर्टिफिकेट पाएं

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि देशभर में वंदे मातरम् के 150वें वर्ष को विशेष और यादगार बनाने के लिए संस्कृति मंत्रालय द्वारा 'अपना वंदे मातरम् वीडियो रिकॉर्ड करें' नामक राष्ट्रव्यापी पहल शुरू की गई है। इस अभियान के तहत नागरिकों को वंदे मातरम गीत गाकर उसका वीडियो रिकॉर्ड कर साझा करने का अवसर दिया गया है, ताकि देशभक्ति की भावना जन-जन तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि वेबसाइट पर वंदे मातरम गाते हुए वीडियो साझा करे। इसके लिए सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा।

## बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में 276 वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन

# दुनिया में देव हजारों है, बजरंग बली का क्या कहना....

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

**श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया**

बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में 276 वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। सुधांशु हंस ने बताया कि कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचक योगेश रंजन, पवन कौशिक, राजेंद्र वधवा, भारत भूषण नंदा, देवेश शर्मा, पंकज भारद्वाज, रमेश लखेरा, केवल अरोड़ा, गनपत राय वर्मा, दिनेश दुजाना, दीपक धीमान, आनन्द कुमार, दिनेश खट्टर, प्रिंस सेठी, सुमन वधवा, वीना वर्मा, हर्ष चावला, विशन वधवा, शांति कटारिया, हिमांशी अरोड़ा, नीलम गाबा, सुरेश गाबा, वी के शर्मा, नारायणी सरदाना, डिंपल वर्मा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया। योगेश रंजन ने सुबह शाम आठो याम,यहीं नाम लिए जा, खुश होंगे हनुमान, राम राम किए जा..,राजेंद्र वधवा ने दुनिया चले ना श्री राम के बिना, राम जी चले ना हनुमान के बिना..,पंकज भारद्वाज ने जो खेल गए प्राणों पे, श्री राम के लिए, एक बार तो हाथ उठालो, मेरे हनुमान के लिए..,देवेश शर्मा ने दुनिया में देव हजारों है, बजरंग बली का क्या कहना....भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर वेद बहल पाशु, हेमंत वर्मा, पदम , प्रदीप काठपालिया, ईशांन, जय प्रकाश सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजनों की प्रस्तुति देते हुए गायक कलाकार। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। अभिनेता शरमन जोशी से पुरस्कार प्राप्त करती अनुराधा यादव व अंशु यादव। फोटो: हरिभूमि

### हरदयाल स्कूल को मिला पुरस्कार

**बहादुरगढ़।** शहर के हरदयाल पब्लिक स्कूल को एक अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए टाइम्स एजुकेशन आइकॉन्स-नॉर्थ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। स्कूल निदेशिका अनुराधा यादव व प्रिंसिपल अंशु यादव ने अभिनेता शरमन जोशी से यह सम्मान प्राप्त करते हुए इसके लिए समर्पित शिक्षकों, मेहनती छात्रों और अभिभावकों के निरंतर सहयोग को प्रमुख कारण बताया।

### ओमेक्स में कल श्याम जन्मोत्सव संकीर्तन

**बहादुरगढ़।** अलबेला श्री श्याम परिवार समिति द्वारा सेक्टर-15 में ओमेक्स सिटी स्थित मोटा महादेव शिव मंदिर में शनिवार 8 नवंबर को श्री श्याम जन्मोत्सव संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। सिटी होम्स शिव मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शनिवार सायं सवा 7 बजे से प्रभु इच्छा तक संकीर्तन होगा। महामंडलेश्वर स्वामी श्रीश्री 1008 बाबा कालिदास कृष्णानंद (परमहंस) स्वामी जी महाराज द्वारा ज्योति प्रचंड की जाएगी।



### विधायक ने विजेताओं को किया सम्मानित

**बहादुरगढ़।** कुडो इंटरनेशनल फाइटर मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स के विजेता खिलाड़ियों का वीरवार को जटिया मोहल्ला स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर चौपाल में जोरदार स्वागत किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश जून ने पदक विजेता दीपक, इनू सैनी, भविष्य दीक्षित, लविश और जय यादव को सम्मानित किया।

सरकार ने मिड-डे मील मेन्यू में बदलाव कर बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की पहल की

# नौनिहालों को परोसी गई खीर बच्चे बोले, मजा आ गया

## खीर व पिन्नी में दूध, चावल, गुड़, घी जैसे तत्व बच्चों की बढ़ोतरी के लिए फायदेमंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सरकार द्वारा मिड-डे मील मेन्यू में बदलाव कर बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की पहल का असर वीरवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला सुर्खपुर में देखने को मिला। यहां पहली बार नौनिहालों को खीर परोसी गई। मीठी खीर की खुशबू से स्कूल का माहौल उत्सव जैसा हो गया। खीर परोसे जाने के साथ ही नन्हें विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी झलक उठी वहीं बच्चों ने खीर का स्वाद लेते हुए बोला आज तो मजा आ गया। अध्यापकों ने भी सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया। स्कूल मुखिया सविना ने कहा कि खीर और पिन्नी जैसे पारंपरिक व्यंजन बच्चों को न केवल स्वादिष्ट लगते हैं, बल्कि पोषण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। इससे बच्चों की रुचि मिड-डे मील की तरफ और अधिक बढ़ेगी। एसएमसी सदस्य रेणु, सोनिया, सुमन देवी, राम नारायण ने कहा कि यह पहल बच्चों में स्वास्थ्य सुधार के साथ-साथ उन्हें भारतीय परंपरा से जोड़ने का माध्यम भी बनेगी। उन्होंने कहा कि खीर और पिन्नी में दूध, चावल, गुड़ और घी जैसे तत्व बच्चों की बढ़ोतरी के लिए बेहद फायदेमंद हैं। अभिभावक मनीषा देवी ने कहा कि बच्चों को अब स्कूल का खाना और भी अच्छा लगने लगेगा।


झज्जर। राजकीय प्राथमिक पाठशाला सुर्खपुर में खीर का आनंद लेते हुए नन्हें विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### इंस्टेंट खीर और पिन्नी परोसी जाएगी

मिड-डे-मील इंचार्ज विजेंद्र कुमार ने बताया कि हालांकि शिक्षा निदेशालय ने इस पहल के लिए हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन लिमिटेड पंचकूला के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। जिसके अंतर्गत संबंधित संस्थान द्वारा बालवाटिका-III से लेकर आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को इंस्टेंट खीर उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों में बताया गया है कि मिड-डे-मील योजना के अंतर्गत सप्ताह में एक दिन इंस्टेंट खीर और एक दिन पिन्नी परोसी जाए। उन्होंने बताया कि इस घोषणा के बाद बच्चों में खीर खाने की ललक पैदा हो गई, जिसे शांत करने के लिए उन्होंने वीरवार को खीर बनवा कर बच्चों में परोसी है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के आदेशों में स्पष्ट है कि जिस दिन विद्यार्थियों को दूध वितरित किया जाएगा, उसी दिन उन्हें आयरन फॉलिक एसिड टैबलेट्स भी दी जाएंगी। इससे बच्चों में खून की कमी को रोकने में मदद मिलेगी और उनकी एकाग्रता व स्मरण शक्ति में सुधार आएगा। इसी लिए उन्होंने वीरवार के दिन खीर बनवाने का निर्णय लिया।

सरकार यदि इस तरह पौष्टिक व्यंजन देती रहे तो वे बीमार भी कम पड़ेंगे और पढ़ाई में भी अपना मन लगाएंगे। इस दौरान बच्चों ने खीर का स्वाद लेते हुए गीत गाए और शिक्षकों ने भी इस पल को यादगार बनाने के लिए फोटो खिंचवाई। बता दें कि शिक्षा निदेशालय द्वारा हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन लिमिटेड, पंचकूला के साथ किए गए समझौते के अनुसार 1 नवंबर से 31 मार्च 2026 तक प्रदेश के स्कूलों में इंस्टेंट खीर उपलब्ध कराई जानी है। इसके अलावा पिन्नी की आपूर्ति की जिम्मेदारी पहले चरण में नूंह और भिवानी जिलों में वीटा द्वारा निभाई जा रही है। जिसके चलते वीटा की ओर से फिलहाल 90 दिनों के लिए पिन्नी की आपूर्ति की जा रही है। स्कूलों को अपने विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर पिन्नी की डिमांड तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। यह डिमांड जिला मौलिक शिक्षा कार्यालयों के माध्यम से निदेशालय को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर हरियाणा एग्रो पिन्नी की अगली खेप मुहैया कराएगा।



झज्जर। तनिष्का को चयन संबंधी प्रमाण-पत्र देते हुए अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

## आईजीसी आरडीसी कैंप में संस्कारम् स्कूल की कैडेट तनिष्का का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- संस्कारम् ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने तनिष्का के परिवार को दी बधाई

संस्कारम् पब्लिक स्कूल खातीवास की एनसीसी कैडेट तनिष्का का चयन आईजीसी आरडी कैंप के लिए हुआ है। क्षेत्र के गांव ग्वालिसन निवासी तनिष्का का चयन 3 हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार मुख्यालय में प्रशिक्षण के अंतिम दिन कमांडिंग ऑफिसर के सीधे निर्देशन में गीत और संगीत की बारीकियों पर आधारित कड़े परीक्षण के बाद किया गया। एनसीसी कार्यवाहक अधिकारी मनीष योगी ने बताया कि तनिष्का ने हिसार कैंप में पहले भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दो मेडल जीते थे। अब वह पंजाब के रोपड़ में होने वाले आगामी चरण के लिए 8 हरियाणा एनसीसी रेवाड़ी बटालियन मुख्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। इस कैंप का उद्देश्य कैडेट्स को अनुशासन और राष्ट्रीय एकता की भावना से जोड़कर गणतंत्र दिवस की राष्ट्रीय परेड के लिए तैयार करना है। इस सफलता पर संस्कारम्ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने तनिष्का के परिवार को बधाई देते हुए तनिष्का के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### शिविर में जनसमस्याओं का किया समाधान

**बहादुरगढ़।** वीरवार को भी एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित किया गया। एसडीएम नसीब कुमार ने कैंप में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और ज्यादातर शिकायतों के समाधान के लिए मौके पर ही निर्देश जारी किए। इस दौरान ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य संजय सैनी व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने कहा कि हर शिकायत का निवारण प्राथमिकता से करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी शिकायतकर्ता को भटकना ना पड़े।

## छारा में पोस्टर व स्लोगन प्रदर्शनी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनीता दलाल के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति जागरूकता सेल द्वारा पोस्टर एवं स्लोगन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया गया। उन्हें नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक पोस्टर और प्रेरक स्लोगन बनाए। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में नशामुक्त वातावरण बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मोहित, डॉ. अश्वनी कुमार, डॉ. रेखा, डॉ. मनोज कुमार, देवेंद्र, डॉ. ललिता, ज्योति आदि ने विद्यार्थियों के कार्यों की सराहना की।


बहादुरगढ़। पोस्टर व स्लोगन प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्राध्यापक।

## रेलवे रोड व नाहरा-नाहरी रोड पर शौचालयों का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- दुकानदारों ने पुरानी मांग को पूरा करने के लिए नगर परिषद का आभार जताया

नगर परिषद की ओर से रेलवे रोड और नाहरा-नाहरी रोड के वेस्ट जुआं ड्रेन चौक पर करीब 18 लाख रुपए की लागत से दो आधुनिक सार्वजनिक शौचालय तैयार किए गए हैं। वीरवार को चेयरपर्सन सरोज राठी ने शौचालयों का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रधान सुनील जैन विशेष रूप से मौजूद रहे। बाजार एसोसिएशन की ओर से चेयरपर्सन सरोज राठी और वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा का स्वागत किया गया। दुकानदारों ने इस पुरानी मांग को पूरा करने के लिए नगर परिषद का आभार जताया।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि नगर परिषद का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ और सम्मानजनक माहौल प्रदान करना है। अब नगर परिषद की ओर से रेलवे रोड और नाहरा नाहरी रोड के चौराहों का भी सौंदर्यीकरण करवाया जाएगा। इसके लिए टेंडर लगा दिए गए हैं। अन्य स्थानों पर भी जरूरत के अनुसार ऐसे शौचालय बनाए जाएंगे।

इस मौके पर मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन प्रदीप गुप्ता, रमेश राठी, पार्षद सचिन दलाल, मनमोहित गुप्ता, अटल मंडल अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, पार्षद राजेश तंवर, जेई नीरज, प्रधान सुनील जैन, हेमराज गुप्ता, विवेक, संजू, सत्यप्रकाश शर्मा, साधु राम सिंघल व प्रवेश गुप्ता आदि मौजूद थे।


बहादुरगढ़। शौचालयों का उद्घाटन करती चेयरपर्सन सरोज राठी व अन्य।

### वोट चोरी के मामले में युकां ने उठाए सवाल

**बहादुरगढ़।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी को लेकर किए गए खुलासे के बाद हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया और मीडिया चेयरमैन प्रदीप यादव ने चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने भाजपा पर जनता का जनादेश छीनकर सत्ता पर कब्जा करने का आरोप लगाया। निशित कटारिया ने कहा कि सुनियोजित तरीके से वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की गई। कांग्रेस संगठन द्वारा घर-घर जाकर की गई वोटर लिस्ट की जांच में पाया गया कि हजारों वोट जीरो मकान नंबर पर बनी हैं, कई मृत लोगों के नाम अब भी सूची में हैं और एक ही व्यक्ति के नाम पर कई वोट दर्ज हैं। कटारिया ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने बड़े पैमाने पर फर्जी वोटरों को शामिल कर चुनाव परिणामों को प्रभावित किया। कांग्रेस अब इस मामले को सड़क से लेकर विधानसभा तक उठाएगी। प्रदीप यादव ने कहा कि राहुल गांधी ने साक्ष्यों के साथ सभी तथ्य देश के सामने रखे हैं। चुनाव आयोग को तत्काल इसका संज्ञान लेते हुए निष्पक्ष जांच करवानी चाहिए। बाहरी राज्यों के वोटर हरियाणा की विधानसभा सीटों में दर्ज किए गए हैं।


बहादुरगढ़। वोट चोरी के आरोप लगाते निशित कटारिया व प्रदीप यादव।

## रोजगार मेले में 50 छात्राओं ने लिया भाग




- 50 छात्राओं ने भाग लिया

बहादुरगढ़। रोजगार मेले में छात्राओं का इंटरव्यू लेते कंपनी अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में वीरवार को स्पर्श पॉलिकैम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रोजगार मेला लगाया गया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय में प्लेसमेंट सैल तथा बीसीए डिपार्टमेंट द्वारा कंपनी के सहयोग से यह रोजगार मेला आयोजित करवाया गया। रोजगार मेले में कंपनी के मुख्य एचआर अधिकारी ट्विंकल शर्मा, सहायक पूर्णिमा गोस्वामी और योगिता सेन ने छात्राओं का इंटरव्यू लिया। छात्राओं को कंपनी में रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी। ट्विंकल शर्मा ने बताया कि इस साक्षात्कार के बाद शार्ट लिस्टिड छात्राओं का एक और इंटरव्यू कंपनी में होगा। उसके बाद चयनित छात्राओं को ऑफर लेटर दिया जाएगा। मेले में बीसीए, बीएससी, बीए तथा बीकॉम की लगभग 50 छात्राओं ने भाग लिया। प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. भारती मिश्रा ने बताया कि महाविद्यालय समय-समय पर इस तरह के रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है। ताकि छात्राओं को डिग्री के साथ-साथ रोजगार भी प्राप्त हो सके। इस रोजगार मेले के आयोजन में बीसीए विभागाध्यक्ष शिखा तिवारी, वर्षा तथा रेखा का विशेष सहयोग रहा।


बहादुरगढ़। वाटरपोलो मैच में खेलते करनाल और स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

### वाटरपोलो में छाई करनाल की लड़कियां

**बहादुरगढ़।** शहर की एचएल सिटी में 27वें हरियाणा राज्य खेलों के अंतर्गत वीरवार को वाटरपोलो के मुकाबले खेले गए। भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि और एचएल सिटी के सह निदेशक अमित जून ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। लड़कियों के पहले मुकाबले में करनाल की टीम ने राई स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की टीम को एकतरफा मुकाबले में 10-0 के अंतर से हराया। करनाल की खिलाड़ी नव्या ने 8 गोल किए। दूसरे मैच में जींद की टीम ने हिसार को 9-1 के अंतर से हराया। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने बताया कि वाटरपोलो में कुल 13 टीमें भाग ले रही हैं। वाटरपोलो के मुकाबले शुक्रवार को भी जारी रहेंगे। इस मौके पर महेंद्र पहलवान, सुरेश जून, सुनील खत्री, दिनेश शेखावत, पंकज गर्ग, सत्यवान, संजय सैनी, बलवान कादयान, हनुमान खत्री, दिनेश खत्री, कोच साई जाधव, पदमपाल, गूगन कोच आदि मौजूद रहे।

### रिमोट सेंसिंग व जीआईएस में भी करियर विकल्प

**बहादुरगढ़।** बादली के राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल द्वारा भूगोल विभाग के सहयोग से विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य मेजर आनंद कादयान के मार्गदर्शन में रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. सितेंद्र मलिक ने रिमोट सेंसिंग और जीआईएस में कैरियर अवसरों महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. मलिक ने पॉवर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से अत्यंत उपयोगी, व्यावहारिक एवं प्रेरणादायक जानकारी सांझा की। प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. पूनम चौधरी व भूगोल विभागाध्यक्षा डॉ. निशा मलिक के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। व्याख्यान में भूगोल विभाग के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर प्राध्यापक सुभाष, मंजीत, डॉ. बेबी तथा संदीप आदि उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। डॉ. सितेंद्र मलिक का स्वागत करते मेजर आनंद कादयान व अन्य। फोटो: हरिभूमि


झज्जर। अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित लेफ्टिनेंट कीर्ति कादियान।

### एलए स्कूल की पूर्व छात्रा कीर्ति बनी लेफ्टिनेंट

**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल की पूर्व छात्रा कीर्ति कादियान का चयन मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ है। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया व भविष्य गुलिया ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए अभिभावकों को बधाई दी तथा होनहार कीर्ति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक केएम डागर व प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि कीर्ति का सलेक्शन पश्चिमी बंगाल के बिनागुड़ी कैंट में हुआ है। उसके दादा भीम सिंह कादियान भी आर्मी ऑफिसर रहे हैं।

### आज जिले में गूंजेगा वंदे मातरम

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का 150 वां स्मरण उत्सव जिले में भव्य और अविस्मरणीय रहेगा। नागरिकों में देशभक्ति की अलख जगाने वाला यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सुबह नौ बजे से जिलाभर में उत्साह और गर्व के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में उत्सव को लेकर माहौल देशभक्ति के रंग में रंगा है व सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर जिला भर में सभी नागरिक एक साथ वंदे मातरम गीत का सामूहिक लयबद्ध गायन करेंगे। जिलेभर के सभी सरकारी कार्यालयों, निजी एवं सरकारी स्कूल-कॉलेजों, संस्थानों और जन स्थलों पर वंदे मातरम-गीत का सामूहिक, लयबद्ध गायन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल गीत नहीं, बल्कि भारत भूमि के प्रति श्रद्धा, त्याग और समर्पण की जीवंत प्रतिमूर्ति है।

**कार्यक्रम** सांस्कृतिक कार्यक्रम युवाओं में करते हैं नई ऊर्जा का संचार

युवा खुशहाल होगा तभी देश खुशहाली की ओर बढ़ेगा: एसडीएम

## जिलास्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ युवाओं ने दी अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का एसडीएम अंकित कुमार चौकसे ने वीरवार को दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करते हैं।

युवा खुशहाल होगा तभी देश खुशहाली की ओर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हमें नई चीजें सीखनी चाहिए साथ ही अपनी जड़ों से भी जुड़ा रहना चाहिए। ऐसे कार्यक्रम अपनी संस्कृति व लोक कला को सहेजने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि युवा पढ़ाई के साथ-साथ अपनी कला और साहित्य को बचाने के लिए साहित्यिक कार्यक्रमों में जरूर भागीदार बनें। युवा महोत्सव के नोडल अधिकारी जीतपाल ने बताया कि पहले दिन समूह लोकगीत, पोस्टर मेकिंग, भाषण, कविता लेखन, स्टोरी राइटिंग, साइंस मेले आदि प्रतियोगिताओं में युवाओं ने प्रतिभा दिखाई।





झज्जर। कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति देते हुए प्रतिभागी तथा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एसडीएम अंकित कुमार चौकसे। फोटो: हरिभूमि